अंग एवं ऊतक दाता बनने के लिए पंजीकरण आज ही कराएँ।

beadonor.ca

ServiceOntario

Ontario
Trillium Gift of Life Network

अंग एवं ऊतक दाता बनने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज ही कराएँ।

एक दानकर्ता अधिकतम आठ लोगों का जीवन बचा सकता है और 75 लोगों का जीवन बढ़ा सकता है। कुछ तथ्य...

- स्वास्थ्य चिकित्सक का पहला कर्तव्य है कि वह जीवन बचाए। जब जीवन नहीं बच पाता तभी अंग एवं ऊतक दान के विकल्प पर गौर किया जाता है।
- प्रत्येक व्यक्ति में अंग और/या ऊतक दानकर्ता बनने की क्षमता होती है, भले ही वह किसी भी आयु या स्वास्थ्य का क्यों न हो।
- सभी प्रमुख धर्म अंग और ऊतक दान का समर्थन करते हैं या व्यक्ति की इच्छा का सम्मान करते हैं।
- अंत व ऊतक दान से अंतिम क्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए।
- आपके दान के निर्णय को तभी प्रकट किया जाएगा जब इसे आपके परिवार को बताना हो।
- आप दान की सहमति को कभी भी बदल या वापस ले सकते हैं।

"हाँ" पंजीकरण करने से बदलाव आता है।

ऑंटेरियो में प्रत्येक तीन दिन में एक व्यक्ति अंग प्रत्यारोपण का इंतजार करते हुए दम तोड़ देता है क्योंकि पंजीकृत दानदाताओं की संख्या पर्याप्त नहीं है। केवल 25% से कम वयस्क ऑंटेरियोवासियों ने अंग व ऊतक दाता के रूप में पंजीकरण कराया है।

पंजीकरण कराना आसान है।

आप पंजीकरण करा सकते हैं:

- BeADonor.ca पर ऑनलाइन, या
- सर्विसऑंटेरियो केंद्र में स्वयं जाकर, या
- जीवनदान प्रपत्र डाक से भेजकर

पंजीकरण कराएँ, भले ही आपने दानकर्ता कार्ड पर हस्ताक्षर किया है।

हस्ताक्षर युक्त कार्ड का रिकॉर्ड स्वास्थ्य मंत्रालय और दीर्घकालीन चिकित्सा डेटाबेस में नहीं रखा जाता और संभव है कि वह आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध न हो। अंग व ऊतक पंजीकरण ही ऐसा सुरक्षित एवं गारंटीयुक्त तरीका है जो जीवन बचाने के आपके फैसले के बारे में जानकारी देता है।

ट्रिलियम जीवनदान नेटवर्क ऑंटेरियो सरकार की एक गैर-लाभकारी एजेंसी है और इसकी जिम्मेदारी पूरे ऑंटेरियो में अंग एवं ऊतक दान प्रोत्साहित करने, समन्वयन एवं समर्थन देने तथा तंत्र में सुधार लाने की है जिससे अधिक ज़िंदगियाँ बचाई जा सके।

पंजीकरण कराने या अधिक जानकारी के लिए
BeADonor.ca पर आएँ
या 1-800-263-2833 पर कॉल करें।

Hindi – January 2012